(a) whether there is a proposal to set up a Fisheries Development Corporation in Andaman and Nicobar Islands ; and

(b) if so, what are the details of the scheme and progress made so far ?

THE MINISTER OF AGRICULTURE (RAO BIRENDRA SINGH) : (a) and (b). The Ministry has agreed in principle for setting up a Fisheries Development Corporation in the Andaman and Nicobar Islands. A memorandum has been circulated to the appraising agencies in this regard.

उत्तर प्रदेश में सिंचाई योजनाओं के लिए केन्द्रीय निधि

14. **श्री जैनुल बशर** : क्या **सिंचाई मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश की कौन-कौन सी सिंचाई योजनाएं केन्द्रीय सरकार को भेजी गई हैं; और

(ख) केन्द्रीय सरकार द्वारा कौन-कौन सी परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है और प्रत्येक परियोजना के लिए कितनी-कितनी वित्तीय सहायता मंजूर की गई है ?

सिचाई मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान केन्द्रीय सरकार को प्राप्त हुई उत्तर प्रदेश की सिंचाई स्कीमों की एक सूची संलग्न है।

(ख) योजना आयोग द्वारा जून, 1980 से लेकर तीन स्कीमों अर्थात 'भीमगोडा बराज का निर्माण', 'सजनाम बांध परियोजना' तथा 'नानक सागर बांध की मरम्मत' को अनुमोदित किया जा चुका है।

सिंचाई एक राज्य-विषय है और सिंचाई परियोजनाओं का वित्त पोषण तथा क्रियान्वयन राज्य सरकारों द्वारा अपनी समग्र विकास योजनाओं के अन्दर किया जाता है। केन्द्रीय सहायता ब्लाक ऋणों/अनुदानों के रूप में दी जाती है जो विकास के किसी विशिष्ट क्षेत्र अथवा स्कीम के साथ जुड़ी नहीं होती है।

विवरण

पिछले तीन वर्षों के दौरान केन्द्रीय सरकार को भेजी गई उत्तर प्रदेश की सिंचाई स्कीमों की सूची

क—बृहद स्कीमें

1. बाणसागर परियोजना
2. माधो टाण्डा सिंचाई स्कीम
3. खटिमा सिंचाई स्कीम
4. कानपुर में गंगा बराज
5. गाईसूनी नहर स्कीम
6. घग्घर नहर प्रणाली का आधुनिकीकरण
7. अर्जुन सहायक परियोजना
8. मध्य गंगा नहर चरण-दो
9. बघईन बांध परियोजना
10. अनूपशहर शाखा का आधुनिकीकरण
11. फर्रुखाबाद शाखा का आधुनिकीकरण
12. जमानिया पम्प नहर की क्षमता में वृद्धि करना।
13. पंचनद बांध

ख—मध्यम स्कीमें

1. लखेरी बांध परियोजना
2. पथराई बांध परियोजना
3. रसिन बांध परियोजना।